**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के द्वितीय सोमवार हेतु निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-29 का उत्तर।**

-----------------------

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 29-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि एल0डी0ए0 के गोमतीनगर विस्तार योजना लखनऊ में योजना से बेघर हुए 62 विस्थापित परिवारों के पुनर्वास हेतु व उनके भवनों के मूल्यांकित धनराशि के भुगतान हेतु जो प्रस्ताव एल0डी0ए0 के अर्जन विभाग द्वारा वर्ष 2015 में एल0डी0ए0 बोर्ड के अनुमोदन हेतु भेजा गया था, एल0डी0ए0 अर्जन विभाग का प्रस्ताव क्या है? | प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 06.11.2015 के विषय संख्या-39 पर ''गोमतीनगर विस्तार योजना के अन्तर्गत लम्बित परिसम्पत्तियों के मूल्यांकित धनराशि का भुगतान एवं विस्थापित कोटे के निःशुल्क भूखण्ड आवंटन करने के संबंध में'' प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। |
| (ख) क्या उक्त प्रस्ताव को एल0डी0ए0 बोर्ड द्वारा विषय सं0-39 दिनांक 6.11.2015 द्वारा अनुमोदित किये जाने के बाद दिनांक 24.08.2016 को जिन 62 विस्थापित परिवारों को पुर्नवास योजना के अन्तर्गत निःशुल्क 75 वर्गमीटर का भूखण्ड जो जमीन एल0डी0ए0 द्वारा आवंटित की गयी थी, क्या उस पर एल0डी0ए0 का भौतिक कब्जा नहीं था? | वर्ष 2018 में अभिलेखीय/स्थलीय परीक्षणोपरान्त पात्र पाये गये 35 व्यक्तियों को प्राधिकरण की कब्जा प्राप्त भूमि पर 75 वर्गमीटर के निःशुल्क भूखण्ड आवंटित किये गये हैं, जिस पर प्राधिकरण का भौतिक कब्जा था। |
| (ग) क्या गोमतीनगर विस्तार योजना में बेघर हुए किसानों/भवन स्वामियों के भवनों व अन्य निर्माणों की फोटोग्राफी व सर्वे रिपोर्ट अगस्त, 2008 में तत्कालीन उपाध्यक्ष के आदेश के बाद सभी सेक्टरों के एल0डी0ए0 अर्जन विभाग व एल0डी0ए0 के निर्माण खण्ड द्वारा संयुक्त रूप से सभी सेक्टरों की कराई गई थी? | जी हाँ। |
| (घ) यदि हाँ, तो उक्त की छायाप्रतियाँ व सर्वे रिपोर्ट सदन की मेंज पर रखेंगे? | विवरण की 20 प्रतियाँ मा0 सभापति के कक्ष में अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं। |

**योगी आदित्यनाथ**

मुख्य मंत्री।